**Series E1GFH/C**

**Set No. 1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/C/1**

अनुक्रमांक / Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं । | (I) | *Please check that this question paper contains **21** printed pages **+ 1** Map.* |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.* |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (III) | *Please check that this question paper contains **34** questions.* |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.* |

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) *यह प्रश्न–पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

(iii) ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **21** तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

(iv) ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **22** से **27** तक अति लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं । इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों की शब्द सीमा में लिखे जाने चाहिए ।*

(v) ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **28** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **आठ-आठ** अंकों के प्रश्न हैं । इन प्रश्नों के उत्तर 300 से 350 शब्दों की शब्द सीमा में लिखे जाने चाहिए ।*

(vi) ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **31** से **33** तक स्रोत-आधारित प्रश्न, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं ।*

(vii) ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित **पाँच** अंकों का प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । इस मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

(viii) *प्रश्न–पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

(ix) *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** *21×1=21*

**1.** निम्नलिखित में से कौन भारतीय पुरातात्त्विक सर्वेक्षण के पहले महानिदेशक थे और जिन्हें भारतीय पुरातत्त्व का जनक भी कहा जाता है ?

(a) आर.ई.एम. व्हीलर

(b) अलेक्ज़ैंडर कनिंघम

(c) जॉन मार्शल

(d) जी.एफ. डेल्स

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** Sections – **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A** – Questions no. **1** to **21** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B** – Questions no. **22** to **27** are Short Answer (SA) type questions, carrying **3** marks each. Answers to these questions should not exceed 60 to 80 words.*

*(v)* *In **Section C** – Questions no. **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions carrying **8** marks each. Answers to these questions should not exceed 300 to 350 words.*

*(vi)* *In **Section D** – Questions no. **31** to **33** are Source-based questions with three sub-questions of **4** marks each.*

*(vii)* *In **Section E** – Question no. **34** is Map-based question carrying **5** marks that includes the identification and location of significant test items. Attach the map with the answer book.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Who among the following was the first Director General of the Archaeological Survey of India and often called as the Father of Indian Archaeology ?

(a) R.E.M. Wheeler

(b) Alexander Cunningham

(c) John Marshall

(d) G.F. Dales

**2.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

(i) प्रयाग प्रशस्ति गुप्त शासकों को जानने का एक स्रोत है ।

(ii) यह समुद्रगुप्त की प्रशंसा में रचित है ।

(iii) इसकी रचना संस्कृत में हुई थी ।

(iv) इसकी रचना भाणभट्ट द्वारा की गई ।

**विकल्प :**

(a) (i), (ii) और (iv) (b) (i), (iii) और (iv)

(c) (ii), (iii) और (iv) (d) (i), (ii) और (iii)

**3.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | *सूची I (बौद्ध ग्रंथ)* | | *सूची II (मुख्य विषय)* |
|---|---|---|---|
| A. | विनय पिटक | I. | द्वीप का इतिहास |
| B. | अभिधम्म पिटक | II. | मठों के नियम |
| C. | सुत्त पिटक | III. | बौद्ध दर्शन और टीकाएँ |
| D. | दीपवंश | IV. | बौद्ध शिक्षाएँ |

**विकल्प :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | II | III | IV |
| (b) | II | III | IV | I |
| (c) | III | IV | II | I |
| (d) | IV | I | III | II |

**4.** निम्नलिखित में से सातवाहन वंश के किस सबसे प्रसिद्ध शासक को अनूठा ब्राह्मण माना जाता था ?

(a) राजा वसिथि-पुत सिरि पुलुमायि

(b) राजा हरिति-पुत विनहुकद

(c) राजा मधारि-पुत स्वामी सकसेन

(d) राजा गौतमी-पुत सिरी सातकनि

**5.** निम्नलिखित में से किस वंश ने पहली बार सोने के सिक्कों के उपयोग से अपनी उच्च स्थिति का दावा किया ?

(a) गुप्त वंश (b) कुषाण वंश

(c) मौर्य वंश (d) चेर वंश

**2.** Read the following statements and select the correct option :

(i) The Prayaga Prashasti is a source to know about Gupta rulers.

(ii) It was composed in praise of Samudragupta.

(iii) It was composed in Sanskrit.

(iv) It was composed by Banabhatta.

**Options :**

(a) (i), (ii) and (iv) (b) (i), (iii) and (iv)

(c) (ii), (iii) and (iv) (d) (i), (ii) and (iii)

**3.** Match the following :

| | *List I* *(Buddhist Text)* | | *List II* *(Primary Theme)* |
|---|---|---|---|
| A. | Vinaya Pitaka | I. | Chronicle of island |
| B. | Abhidhamma Pitaka | II. | Rules of monastic order |
| C. | Sutta Pitaka | III. | Buddhist philosophy and commentaries |
| D. | Dipavamsa | IV. | Buddhist teachings |

**Options :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | I | II | III | IV |
| (b) | II | III | IV | I |
| (c) | III | IV | II | I |
| (d) | IV | I | III | II |

**4.** Who among the following was the best ruler of the Satavahana dynasty who claimed to be a unique Brahmana ?

(a) Raja Vasithi-puta Siri Pulumayi

(b) Raja Hariti-puta Vinhukada

(c) Raja Madhari-puta Svami Sakasena

(d) Raja Gotami-puta Siri Satakani

**5.** Which dynasty among the following was the first to use gold coins to claim their higher status ?

(a) Gupta dynasty (b) Kushana dynasty

(c) Maurya dynasty (d) Chera dynasty

6. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा अशोक के अभिलेख की भाषाओं के बारे में सही है ?

(a) अधिकांश अभिलेख प्राकृत भाषा में थे ।

(b) श्रीलंकाई अभिलेखों में अरामेइक और यूनानी भाषा का उपयोग किया गया था ।

(c) प्राकृत के अधिकांश अभिलेख देवनागरी लिपि में लिखे गए थे ।

(d) अफगानिस्तान में मिले अभिलेखों में ब्राह्मी लिपि का प्रयोग किया गया था ।

7. 1333 में इब्न बतूता के भारत पहुँचने पर निम्नलिखित में से कौन दिल्ली का सुल्तान था ?

(a) इब्राहिम लोदी (b) मोहम्मद बिन तुगलक

(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) रज़िया सुल्तान

8. निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

विजयनगर के घोड़ा व्यापारियों के स्थानीय समूहों को __________ भी कहा जाता था ।

(a) कुदिरई चेट्टी (b) वणिक

(c) सेट्टी (d) सत्थवाह

9. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है ?

(a) हज़ार राम मंदिर – तमिलनाडु में

(b) चिदम्बरम मंदिर – बेलूर में

(c) बृहदेश्वर मंदिर – तंजावूर में

(d) चन्नकेशव मंदिर – विजयनगर में

10. नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । निम्नलिखित को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* संविधान सभा में हुई चर्चाएँ जनमत द्वारा व्यक्त की गई राय से भी प्रभावित थीं ।

*कारण (R) :* सामूहिक सहभागिता बनाने के लिए जनता से सुझाव भी आमंत्रित किए जाते थे ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

**6.** Which of the following statements is correct about the languages of Asokan inscription ?

(a) Most inscriptions were in Prakrit language.

(b) Aramaic and Greek languages were used in Sri Lankan inscriptions.

(c) Most Prakrit inscriptions were written in Devanagri script.

(d) Brahmi Script was used in inscriptions in Afghanistan.

**7.** Who among the following was the Sultan of Delhi, when Ibn Battuta reached India in 1333 ?

(a) Ibrahim Lodi (b) Mohammad Bin Tughlaq

(c) Allauddin Khilji (d) Razia Sultan

**8.** Choose the correct option from the following :

Local communities of horse merchants of Vijayanagar were also known as __________.

(a) Kudirai Chettis (b) Vanik

(c) Setthis (d) Satthavahas

**9.** Which of the following is correctly matched ?

(a) Hazara Rama Temple – at Tamil Nadu

(b) Chidambaram Temple – at Belur

(c) Brihadishvara Temple – at Thanjavur

(d) Chennakeshava Temple – at Vijayanagar

**10.** Two statements as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read the following carefully and choose the correct option :

*Assertion (A) :* The discussions within the Constituent Assembly were also influenced by the opinion expressed by the public.

*Reason (R) :* Public was also asked to send in their views on what needed to be done.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**11.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | *स्तंभ I* *(मुगल समाज में लोग)* | | *स्तंभ II* *(भूमिका)* |
|---|---|---|---|
| A. | सराफ़ | I. | राजस्व वसूली करने वाले |
| B. | अमील-गुज़ार | II. | मुद्रा की फेर बदल करने वाले |
| C. | खुद-काश्त | III. | गाँव का मुखिया |
| D. | मुकद्दम | IV. | गाँव में रहने वाले किसान |

**विकल्प :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | IV | II | III | I |
| (b) | I | III | II | IV |
| (c) | III | IV | I | II |
| (d) | II | I | IV | III |

**12.** निम्नलिखित में से किस गवर्नर जनरल ने 'एनफ़ील्ड राइफ़लों' का इस्तेमाल शुरू किया जो 1857 के विद्रोह का एक कारण भी बना ?

(a) वेलेज़ली (b) हार्डिंग

(c) डलहौजी (d) बेंटिंक

**13.** संथाल विद्रोह के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) अंग्रेज़ों द्वारा संथालों को 'दामिन-ई-कोह' ज़मीन दी गई ।

(b) संथालों ने ज़मींदारों और अंग्रेज़ों के विरुद्ध विद्रोह किया ।

(c) सिद्धू मांझी ने संथालों का नेतृत्व किया ।

(d) संथालों ने पहाड़ियों और अंग्रेज़ों को विद्रोह में हरा दिया ।

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है ?

| | *स्तंभ I* *(संविधान सभा के सदस्य)* | *स्तंभ II* *(उनका क्षेत्र)* |
|---|---|---|
| (a) | के.एम. मुंशी | मध्य प्रांत |
| (b) | के.जे. खाण्डेरकर | गुजरात |
| (c) | बी. पोकर बहादुर | मद्रास |
| (d) | आर.वी. धुलेकर | पंजाब |

11. Match the following :

| | *Column I* *(People in Mughal Society)* | | *Column II* *(Role)* |
|---|---|---|---|
| A. | Shroff | I. | Revenue Collector |
| B. | Amil-Guzar | II. | Money Changers |
| C. | Khud-Kashta | III. | Village Headman |
| D. | Muqaddam | IV. | Resident Cultivators |

**Options :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | IV | II | III | I |
| (b) | I | III | II | IV |
| (c) | III | IV | I | II |
| (d) | II | I | IV | III |

12. Who among the following Governor Generals introduced 'The Enfield Rifles' which became a cause of the Revolt of 1857 ?

(a) Wellesley
(b) Hardinge
(c) Dalhousie
(d) Bentinck


13. Which of the following statements is ***not*** correct about Santhal Rebellion ?

(a) 'Damin-i-koh' lands were given by British to Santhals.
(b) Santhals rebelled against Zamindars and Britishers.
(c) Sidhu Manjhi was the leader of the Santhals.
(d) Santhals defeated Paharias and British in the Revolt.

14. Which of the following is correctly matched ?

| | *Column I* *(Members of the Constituent Assembly)* | *Column II* *(Their Region)* |
|---|---|---|
| (a) | K.M. Munshi | Central Province |
| (b) | K.J. Khanderkar | Gujarat |
| (c) | B. Pocker Bahadur | Madras |
| (d) | R.V. Dhulekar | Punjab |

15. निम्नलिखित विकल्पों में से दिए गए चित्र की पहचान कीजिए :



(a) निज़ामुद्दीन औलिया की दरगाह, दिल्ली में

(b) शेख सलीम चिश्ती की दरगाह, फतेहपुर सिकरी में

(c) हाजी अली दरगाह, बॉम्बे (मुंबई) में

(d) हज़रतबल दरगाह, श्रीनगर में

*नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र. सं.* ***15*** *के स्थान पर है :*

निम्नलिखित में से किस गुरु ने बाबा गुरु नानक देव की बानी को 'आदि ग्रंथ साहिब' में संकलित किया ?

(a) गुरु अर्जन देव (b) गुरु तेग बहादुर

(c) गुरु गोबिंद सिंह (d) गुरु अंगद देव

16. निम्नलिखित में से अलवारों का प्रमुख संकलन या रचना कौन-सी है ?

(a) सूर्य सिद्धांत (b) नलयिरादिव्यप्रबंधम्

(c) तवरम (d) महाभाष्य

17. 'शाह मल' को स्थानीय स्तर पर 'राजा' क्यों माना जाता था ? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कारण की पहचान कीजिए ।


(a) उन्हें एक प्रेरित पैगम्बर माना जाता था ।

(b) उसने चिनहाट के संघर्ष में हेनरी लॉरेंस को हराया ।

(c) वह झगड़ों और विवादों का फैसला करता था ।

(d) उसे कोई हरा नहीं सकता था क्योंकि उसके पास जादुई शक्तियाँ थीं ।

**15.** Identify the following image from the following options :



(a) Dargah of Nizamuddin Aulia in Delhi

(b) Dargah of Shaikh Salim Chishti in Fatehpur Sikri

(c) Dargah Haji Ali in Bombay (Mumbai)

(d) Dargah Hazratbal in Srinagar

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No.* ***15*** *:*

Who among the following Gurus compiled Baba Guru Nanak's hymns in 'Adi Granth Sahib' ?

(a) Guru Arjan Dev (b) Guru Teg Bahadur

(c) Guru Gobind Singh (d) Guru Angad Dev

**16.** Which one of the following is the major anthology or composition of Alvars ?

(a) Surya Siddhanta (b) Nalayira Divyaprabandham

(c) Tevaram (d) Mahabhashya

**17.** Why was 'Shah Mal' locally acknowledged as 'Raja' ? Identify the correct reason from the options given below.

(a) He was considered as an inspired prophet.

(b) He defeated Henry Lawrence in Battle of Chinhat.

(c) He settled disputes and dispensed judgements.

(d) He was invincible as he had magical powers.

**18.** दी गई जानकारी की सहायता से *महाभारत* के पात्र की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

- वह कुंती का बेटा था ।
- उसका विवाह हिडिम्बा से हुआ ।
- वह घटोत्कच का पिता था ।

**विकल्प :**

(a) युधिष्ठिर (b) भीम

(c) अर्जुन (d) नकुल

**19.** *"1859 में, अंग्रेज़ों द्वारा एक कानून पारित किया गया जिसके अनुसार ऋणदाता और रैयत के बीच हस्ताक्षरित ऋणपत्र केवल तीन वर्षों के लिए मान्य होता था ।"* निम्नलिखित विकल्पों में से उस कानून को पहचानिए ।

(a) एकमुश्त बंदोबस्त (b) भारतीय प्रेस अधिनियम

(c) सूर्यास्त कानून (d) परिसीमन कानून

**20.** भारतीय उपमहाद्वीप में यात्रा करने आए यात्रियों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) 1440 के दशक में रज़्ज़ाक समरकंदी ने दक्षिण भारत का दौरा किया ।

(b) इब्न जुज़ाई ने इब्न बतूता का श्रुतिलेख लिखा ।

(c) फ्राँस्वा बर्नियर ने भूमि पर राजकीय स्वामित्व का वर्णन किया ।

(d) अल-बिरूनी ने नारियल और पान का वर्णन किया ।

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा विषय भारतीय संघवाद के त्रिसूत्रीय सूचियों का भाग ***नहीं*** है ?

(a) केन्द्रीय विषय (b) अवशिष्ट विषय

(c) राज्य विषय (d) समवर्ती विषय

## खण्ड ख

### (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *6×3=18*

**22.** जेम्स प्रिंसेप कौन था ? प्राचीन भारतीय इतिहास में उसके योगदान का उल्लेख कीजिए । *1+2=3*

**23.** (क) विजयनगर साम्राज्य के किलेबंदी की विशिष्टता की परख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) विजयनगर साम्राज्य के इतिहास में कॉलिन मैकेंज़ी के योगदान का विश्लेषण कीजिए । *3*

**24.** सहायक संधि किसने तैयार की ? इस संधि के प्रावधानों का वर्णन कीजिए । *1+2=3*

**18.** Identify the character of *Mahabharata* with the help of the given information and select the correct option.

| |
|---|
| • Was the son of Kunti. |
| • Was married to Hidimba. |
| • Was father of Ghatotkacha. |

**Options :**

(a) Yudhisthira (b) Bhima

(c) Arjuna (d) Nakul

**19.** *"In 1859, the British passed a law that stated that the loan bonds signed between moneylenders and ryots would have a validity for three years."* Identify the law from the following options.

(a) Summary Settlement (b) Indian Press Act

(c) Sunset Law (d) Limitation Law

**20.** Which one of the following statements about travellers, travelling in the Indian subcontinent is ***not*** correct ?

(a) Razzaq Samarqandi visited South India in 1440s.

(b) Ibn Juzayy wrote the stories of Ibn Battuta.

(c) Francois Bernier described crown ownership of land.

(d) Al-Biruni has described the Coconut and Paan.

**21.** Which one of the following subjects is ***not*** a part of three list formula of Indian Federalism ?

(a) Union subjects (b) Residuary subjects

(c) State subjects (d) Concurrent subjects

## SECTION B

### (Short-Answer Type Questions) *6×3=18*

**22.** Who was James Prinsep ? Mention his contribution to the ancient Indian history ? *1+2=3*

**23.** (a) Examine the uniqueness of the fortification of the Vijayanagar empire. *3*

**OR**

(b) Analyse the contribution of Colin Mackenzie towards the history of Vijayanagar. *3*

**24.** Who introduced Subsidiary Alliance ? Describe the provisions of this Alliance. *1+2=3*

25. (क) संविधान सभा के कुछ सदस्यों ने मजबूत केन्द्र सरकार का पक्ष क्यों लिया था ? स्पष्ट कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) जवाहर लाल नेहरू का 'उद्देश्य प्रस्ताव' ऐतिहासिक प्रस्ताव क्यों माना गया ? स्पष्ट कीजिए । *3*

26. प्राचीन भारत में वर्ण व्यवस्था से बाहर माने जाने वाले लोगों पर चीनी यात्रियों के विचारों की परख कीजिए । *3*

27. "भक्ति परंपरा की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक महिलाओं की उपस्थिति थी ।" अलवार और नयनार परंपरा के उदाहरणों से इस कथन को स्पष्ट कीजिए । *3*

## खण्ड ग

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) $3\times8=24$

28. (क) महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) प्राचीन भारत में पौराणिक हिंदू धर्म के उदय की व्याख्या कीजिए । *8*

29. (क) मुगल ग्रामीण समाज में ज़मींदारों को मिलने वाली सामाजिक और आर्थिक सुविधाओं की व्याख्या कीजिए । *8*

**अथवा**

(ख) "मुगल भारत के ग्रामीण समाज को गाँव के मुखिया की सहायता से, पंचायत द्वारा नियंत्रित किया जाता था ।" कथन की व्याख्या कीजिए । *8*

30. (क) महात्मा गाँधी के राजनीतिक जीवन के पुनर्निर्माण के लिए निम्नलिखित स्रोतों की शक्तियों और सीमाओं का विश्लेषण कीजिए : $4\times2=8$

(i) लेखन और भाषण

(ii) आत्मकथाएँ

(iii) सरकारी रिकॉर्ड

(iv) अख़बार

**अथवा**

(ख) "महात्मा गाँधी ने राष्ट्रीय आंदोलन को जन आंदोलन में परिवर्तित कर दिया ।" 'भारत छोड़ो आंदोलन' के संदर्भ में इस कथन का मूल्यांकन कीजिए । *8*

**25.** (a) Why were some members of the Constituent Assembly in favour of a strong Central Government ? Explain. *3*

**OR**

(b) Why is 'Objectives Resolution' of Jawahar Lal Nehru considered as a momentous resolution ? Explain. *3*

**26.** Examine the views of Chinese travellers on the people considered outside the Varna system in ancient India. *3*

**27.** "One of the most striking features of Bhakti tradition was the presence of women." Explain the statement with examples from Alvar and Nayanar traditions. *3*

## SECTION C
### (Long-Answer Type Questions) *3×8=24*

**28.** (a) Explain the teachings of Mahatma Buddha. *8*

**OR**

(b) Explain the growth of Puranic Hinduism in ancient India. *8*

**29.** (a) Explain the social and economic privileges that the Zamindars got in the Mughal rural society. *8*

**OR**

(b) "The rural society of Mughal India was controlled by panchayat with the help of village headman." Explain the statement. *8*

**30.** (a) Analyse the strengths and limitations of the following sources to reconstruct the political career of Mahatma Gandhi : *4×2=8*

(i) Writing and Speeches

(ii) Autobiographies

(iii) Government Records

(iv) Newspapers

**OR**

(b) "Mahatma Gandhi converted the National Movement into a Mass Movement." Evaluate this statement in the context of 'Quit India Movement'. *8*

## खण्ड घ
## (स्रोत-आधारित प्रश्न) *3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**अब तक खोजी गई प्राचीनतम प्रणाली**

नालियों के विषय में मैके लिखते हैं : "निश्चित रूप से यह अब तक खोजी गई सर्वथा संपूर्ण प्राचीन प्रणाली है ।" हर आवास गली की नालियों से जोड़ा गया था । मुख्य नाले गारे में जमाई गई ईंटों से बने थे और इन्हें ऐसी ईंटों से ढँका गया था जिन्हें सफ़ाई के लिए हटाया जा सके । कुछ स्थानों पर ढँकने के लिए चूना पत्थर की पट्टिका का प्रयोग किया गया था । घरों की नालियाँ पहले एक हौदी या मलकुंड में खाली होती थीं जिसमें ठोस पदार्थ जमा हो जाता था और गंदा पानी गली की नालियों में बह जाता था । बहुत लंबे नालों में कुछ अंतरालों पर सफ़ाई के लिए हौदियाँ बनाई गई थीं । यह पुरातत्त्व का एक अजूबा ही है कि "मलबे, मुख्यतः रेत के छोटे-छोटे ढेर सामान्यतः निकासी के नालों के अगल-बगल पड़े मिले हैं जो दर्शाते हैं... कि नालों की सफ़ाई के बाद कचरे को हमेशा हटाया नहीं जाता था ।"

अर्नेस्ट मैके, *अर्ली इंडस सिविलाइज़ेशन, 1948*

जल-निकास प्रणालियाँ केवल बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं थीं, बल्कि ये कई छोटी बस्तियों में भी मिली थीं । उदाहरण के लिए, लोथल में आवासों के निर्माण के लिए जहाँ कच्ची ईंटों का प्रयोग हुआ था, वहीं नालियाँ पकी ईंटों से बनाई गई थीं ।

(31.1) अर्नेस्ट मैके कौन था ? *1*

(31.2) नालियों के पास मिले रेत के छोटे-छोटे ढेर क्या प्रदर्शित करते हैं ? *1*

(31.3) निचले शहर की 'ग्रिड' पैटर्न की व्याख्या कीजिए । *2*

**32.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**ग़रीब किसान**

यहाँ बर्नियर द्वारा ग्रामीण अंचल में कृषकों के विषय में दिए गए विवरण से एक उद्धरण दिया जा रहा है :

> हिंदुस्तान के साम्राज्य के विशाल ग्रामीण अंचलों में से कई केवल रेतीली भूमियाँ या बंजर पर्वत ही हैं । यहाँ की खेती अच्छी नहीं है और इन इलाकों की आबादी भी कम है । यहाँ तक कि कृषियोग्य भूमि का एक बड़ा हिस्सा भी श्रमिकों के अभाव में कृषिविहीन रह जाता है; इनमें से कई श्रमिक गवर्नरों द्वारा किए गए बुरे व्यवहार के फलस्वरूप मर जाते हैं । ग़रीब लोग जब अपने लोभी स्वामियों की माँगों को पूरा करने में असमर्थ हो जाते हैं, तो उन्हें न केवल जीवन-निर्वहन के साधनों से वंचित कर दिया जाता है, बल्कि उन्हें अपने बच्चों से भी हाथ धोना पड़ता है, जिन्हें दास बना कर ले जाया जाता है । इस प्रकार ऐसा होता है कि इस अत्यंत निरंकुशता से हताश हो किसान गाँव छोड़कर चले जाते हैं ।

## SECTION D

**(Source-Based Questions)** *3×4=12*

**31.** Read the given source and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**The Most Ancient System Yet Discovered**

About the drains, Mackay noted : "It is certainly the most complete ancient system as yet discovered." Every house was connected to the street drains. The main channels were made of bricks set in mortar and were covered with loose bricks that could be removed for cleaning. In some cases, limestone was used for the covers. House drains first emptied into a sump or cesspit into which solid matter settled while waste water flowed out into the street drains. Very long drainage channels were provided at intervals with sumps for cleaning. It is a wonder of archaeology that "little heaps of material, mostly sand, have frequently been found lying alongside drainage channels, which shows ... that the debris was not always carted away when the drain was cleared."

FROM ERNEST MACKAY, *Early Indus Civilisation,* 1948

Drainage systems were not unique to the larger cities, but were found in smaller settlements as well. At Lothal for example, while houses were built of mud bricks, drains were made of burnt bricks.

(31.1) Who was Ernest Mackay ? *1*

(31.2) What do the little heaps of material found alongside drainage channels show ? *1*

(31.3) Explain the term 'grid' pattern of the lower town. *2*

**32.** Read the given source and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**The Poor Peasant**

An excerpt from Bernier's description of the peasantry in the countryside :

> Of the vast tracts of country constituting the empire of Hindustan, many are little more than sad, or barren mountains, badly cultivated, and thinly populated. Even a considerable portion of the good land remains untilled for want of labourers; many of whom perish in consequence of the bad treatment they experience from Governors. The poor people, when they become incapable of discharging the demands of their rapacious lords, are not only often deprived of the means of subsistence, but are also made to lose their children, who are carried away as slaves. Thus, it happens that the peasantry, driven to despair by so excessive a tyranny, abandon the country.

इस उद्धरण में बर्नियर राज्य और समाज की प्रकृति से संबंधित यूरोप में प्रचलित समकालीन विवादों में भाग ले रहा था, और उसका प्रयास था कि मुगलकालीन भारत से संबंधित उसका विवरण यूरोप में उन लोगों के लिए एक चेतावनी का कार्य करेगा जो निजी स्वामित्व की "अच्छाइयों" को स्वीकार नहीं करते थे ।

(32.1) फ्राँस्वा बर्नियर द्वारा लिखित पुस्तक का नाम लिखिए । *1*

(32.2) बर्नियर के अनुसार मुगल भारत और यूरोप में मूलभूत अंतर क्या था ? *1*

(32.3) उपमहाद्वीप में किसानों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं का उल्लेख कीजिए । *2*

**33.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**भाड़ा-पत्र**

जब किसान पर ऋण का भार बहुत बढ़ गया तो वह ऋणदाता का ऋण चुकाने में असमर्थ हो गया । अब ऋणदाता के पास अपना सर्वस्व – जमीन, गाड़ियाँ, पशुधन देने के अलावा कोई चारा नहीं था । लेकिन पशुओं के बिना वह आगे खेती कैसे कर सकता था । इसलिए उसने जमीन और पशु भाड़े पर ले लिए । अब उसे उन पशुओं के लिए, जो मूल रूप से उसके अपने ही थे, भाड़ा चुकाना पड़ता था । उसे एक भाड़ा-पत्र (किरायानामा) लिखना पड़ता था जिसमें यह साफ तौर पर कहा जाता था कि ये पशु और गाड़ियाँ उसकी अपनी नहीं हैं । विवाद छिड़ने पर, ये दस्तावेज़ न्यायालयों में मान्य होते थे ।

नीचे एक ऐसे ही दस्तावेज़ का नमूना दिया गया है जो नवंबर 1873 में एक किसान ने हस्ताक्षरित किया था (यह दक्कन दंगा आयोग के अभिलेखों से उद्धृत है) :

> मैंने आपको देय ऋण के खाते में, आपको अपनी लोहे के धुरों वाली दो गाड़ियाँ, साज-सामान और चार बैलों के साथ बेची हैं... मैंने इस दस्तावेज़ के तहत उन्हीं दो गाड़ियों और चार बैलों को आपसे भाड़े पर लिया है । मैं हर माह आपको चार रुपए प्रति माह की दर से उनका किराया (भाड़ा) दूँगा और आपसे आपकी अपनी लिखावट में रसीद प्राप्त करूँगा । रसीद न मिलने पर मैं यह दलील नहीं दूँगा कि किराया नहीं चुकाया गया है ।

(33.1) अंग्रेजों द्वारा बम्बई-दक्कन में लागू की गई भू-राजस्व प्रणाली का नाम लिखिए । *1*

(33.2) किसानों पर ऋण का भार क्यों बढ़ गया था ? *1*

(33.3) यह भाड़ा-पत्र किसानों और ऋणदाताओं के बीच संबंध में क्या स्पष्ट करता है ? व्याख्या कीजिए । *2*

In this instance, Bernier was participating in contemporary debates in Europe concerning the nature of state and society, and intended that his description of Mughal India would serve as a warning to those who did not recognise the "merits" of private property.

(32.1) Name the book authored by Francois Bernier. *1*

(32.2) What was the fundamental difference between Mughal India and Europe according to Bernier ? *1*

(32.3) Mention the problems faced by the peasants of the subcontinent. *2*

**33.** Read the given source and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Deeds of Hire**

When debts mounted the peasant was unable to pay back the loan to the moneylender. He had no option but to give over all his possessions – land, carts, and animals – to the moneylender. But without animals he could not continue to cultivate. So he took land on rent and animals on hire. He now had to pay for the animals which had originally belonged to him. He had to sign a deed of hire stating very clearly that these animals and carts did not belong to him. In cases of conflict, these deeds could be enforced through the court.

The following is the text of a deed that a peasant signed in November 1873, from the records of the Deccan Riots Commission :

> I have sold to you, on account of the debt due to you, my two carriages having iron axles, with their appurtenances and four bullocks ... I have taken from you on hire under (this) deed the very same two carriages and four bullocks. I shall pay every month the hire thereof at Rupees four a month, and obtain a receipt in your own handwriting. In the absence of a receipt I shall not contend that the hire has been paid.

(33.1) Name the Land Revenue Settlement imposed in Bombay Deccan by the British. *1*

(33.2) Why did the debts mount on peasants ? *1*

(33.3) What does this hire deed explain about the relationship between the peasants and the moneylenders ? Explain. *2*

## खण्ड ङ

## (मानचित्र-आधारित प्रश्न) *5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) धौलावीरा – विकसित हड़प्पा पुरास्थल

(ii) मगध – महाजनपद

(iii) (क) दिल्ली – मुगलों का राजधानी शहर

**अथवा**

(ख) विजयनगर – 14वीं शताब्दी का साम्राज्य

(34.2) इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दो केन्द्र A और B अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए और उनके निकट खींची गई रेखाओं पर सही नाम लिखिए । *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **34** के स्थान पर हैं :*

(34.1) भारत में किन्हीं दो बौद्ध स्थलों के नाम लिखिए । *2*

(34.2) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखिए । *2*

(34.3) (क) मुगलों के नियंत्रण में किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए । *1*

**अथवा**

(ख) मुगल साम्राज्य के किसी एक राजधानी शहर का नाम लिखिए । *1*

## SECTION E
## (Map-Based Questions) *5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Dholavira – A Harappan site

(ii) Magadh – Mahajanapada

(iii) (a) Delhi – Capital city of Mughals

**OR**

(b) Vijayanagara – Empire of 14$^{th}$ century

(34.2) On the same outline map, two places have been marked A and B, which are centres of the Indian National Movement. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Name any two Buddhist sites in India. *2*

(34.2) Name any two centres of the Indian National Movement. *2*

(34.3) (a) Name any one territory under the control of the Mughals. *1*

**OR**

(b) Name any one capital city of the Mughal Empire. *1*

प्रश्न सं. 34 के लिए                                                                 For question no. 34

